भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1524
10 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पश्चिम बंगाल में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का कार्यान्वयन

1524. श्री दिलीप घोष:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के कार्यान्वयन हेतु पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, सरकार द्वारा एबी-पीएमजेएवाई को लागू करने के लिए ऐसे राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र (एचडब्ल्यूसी) पश्चिम बंगाल में स्थापित किए जा रहे हैं और यदि हां, तो ऐसे एचडब्ल्यूसी का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस संबंध में आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): यह योजना पश्चिम बंगाल राज्य में दिनांक 23.09.2018 से दिनांक 10.01.2019 तक लागू की गई थी। राज्य सरकार ने दिनांक 10.01.2019 को इस योजना को वापस ले लिया है। आज की तारीख में, पश्चिम बंगाल राज्य आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू नहीं कर रहा है। इस योजना में शामिल होने के लिए भारत सरकार राज्य के साथ प्रयास कर रही है ताकि पात्र लाभार्थी योजना के लाभों से वंचित न रहें। आयुष्मान भारत के तहत, पश्चिम बंगाल राज्य में कार्यात्मक स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) का जिला-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है। 285.53 करोड़ रुपये की धन-राशि का उपयोग किया जा चुका है जिसमें केन्द्र द्वारा जारी धन-राशि, राज्य द्वारा जारी धन-राशि और अव्ययित शेष शामिल हैं।

अनुलग्नक

आयुष्मान भारत के तहत पश्चिम बंगाल राज्य में कार्यात्मक स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) का जिले-वार विवरण

ज़िला	एचडब्ल्यूसी की संख्या
पुरुलिया	358
पश्चिम मेदिनीपुर	625
दक्षिण 24 परगना	887
कोलकाता	166
हावड़ा	503
बांकुड़ा	562
हुगली	637
कलिम्पोंग	50
पश्चिम बर्धमान	228
झारग्राम	214
अलीपुरद्वार	214
पूर्वी मेदिनीपुर	671
कूच बिहार	414
मालदा	522
दक्षिण दिनाजपुर	249
उत्तर दिनाजपुर	228
जलपाईगुड़ी	239
दार्जिलिंग	177
मुर्शिदाबाद	841
बीरभूम	492
पूर्वी बर्धमान	503
नादिया	415
उत्तरी 24 परगना	917

*****